Regarding setting up of National Digital Skill centre for global manufacturing hub

श्री शंकर लालवानी **(इन्दौर) :** माननीय सभापति महोदया, मैं इंदौर से आता हूं और इंदौर स्वच्छता में आठ बार से लगातार नंबर वन पर है । देश में इंदौर एयर इंडेक्स क्वालिटी में नंबर वन पर है । माननीय प्रधान मंत्री और मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में लगातार डबल इंजन की सरकार में 25 सैक्टर्स में इंटरनेशनल इंडस्ट्रीज़ बढ़ रही हैं । फार्मा, बायोटेक, आईटी, स्टार्टअप, रक्षा, टैक्सटाइल, आटोमोबाइल और एक्सपोर्ट इंडस्ट्रीज़ तेजी से बढ़ रही हैं ।

मेरी सरकार से मांग है कि इंदौर में ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के लिए नेशनल डिजिटल स्किल सैंटर बनाया जाए । पत्रिका समूह द्वारा सांसदों से विकास की जो अपेक्षा है, उसे मैं सदन के पटल पर रखता हूं ।